कार्यालयः- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात।

<u>प्रेसरिपोर्ट</u>

जनपद न्यायालय के केन्द्रीय सभागार में मनाया गया संविधान दिवस व किया गया प्रस्तावना का पाठन

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा- निर्देशों के अनुपालन में **संविधान दिवस** के सुअवसर पर श्री जय प्रकाश तिवारी माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशन में दिनाँक 26.11.2023 को प्रातः 11:00 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी सचिव/अपर जिला जज महोदय, श्री अमित मालवीय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सभा का संचालन किया गया। संविधान दिवस के सुअवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर की फोटो पर फूलमाला पहनाकर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समस्त न्यायिक अधिकारीगण की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश ने अपने सम्बोधन में संविधान की महत्ता के अपने जीवन में आदर्शित करने हेतु बताया गया।

आयोजन में सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सचिव महोदय, प्रभारी सचिव/अपर जिला जज श्री अमित मालवीय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त कर्माचारीगण को धन्यवाद सम्बोधित किया गया।

अतः जिला सूचना अधिकारी से अनुरोध है कि जनपद के समस्त दैनिक समाचार पत्रों में फोटो सहित प्रकाशित कराने का कष्ट करे।

दिनांकः- 26.11.2023

अपर जिला जज/प्रभारी सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,